20 korba-BHOOMI-pg1_Layout 1 10/21/2024 12:09 AM Page 1

तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 21 अक्टूबर 2024

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

4 धान खरीदी के पूर्व समितियों में तैयारी के लिए दी जाने वाली राशि में नहीं हुई बढ़ोतरी



## खबर संक्षेप

### पुलिस स्मृति दिवस आज

**कोरबा।** पुलिस के शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए 21 अक्टूबर की सुबह 9 बजे पुलिस स्मृति दिवस का आयोजन ज़िला पुलिस अधीक्षक कार्यालय कोरबा में किया जाएगा। जहां पुलिस अधिकारियों द्वारा सलामी दी जाएगी।

### मतदाता सूची पर दावा आपत्ति 23 तक

**कोरबा।** नगरीय निकाय चुनाव के अंतर्गत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किए जाने के पश्चात , मतदाता सूची पर दावा आपत्ति प्रस्तुत किए जाने हेतु 23 अक्टूबर की दोपहर 3 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। आमजन अपने वार्ड से संबंधित मतदान केंद्र पर पहुंचकर वहां रखी गई मतदाता सूची का अवलोकन कर, यदि कोई दावा आपत्ति करना हो तो इस संबंध में अपना आवेदन मतदान केंद्र में उपस्थित प्राधिकृत अधिकारी को प्रस्तुत कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि नगरीय निकाय चुनाव के अंतर्गत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन विगत 16 अक्टूबर को कर दिया गया है तथा इस मतदाता सूची पर दावा आपत्ति प्रस्तुत करने हेतु 23 अक्टूबर की दोपहर 3 बजे तक का समय निर्धारित है। आम जन की सुविधा हेतु जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा प्रत्येक मतदान केंद्र हेतु प्राधिकृत अधिकारी की नियुक्ति कर आम जन से दावा आपत्ति के आवेदन मतदान केंद्रों में ही लेने के निर्देश दिए गए हैं। प्राधिकृत अधिकारी मतदान केंद्रों में प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक मतदाता सूची के साथ उपस्थित रहकर आवेदन प्राप्त कर रहे हैं।

## 95 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले छात्रों को हर माह मिलेंगे 1350 रूपए

# कोल कर्मियों व अधिकारियों के बच्चों को मिलेगी स्कॉलरशिप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

देश की कोयला उत्पादक कंपनी कोल इंडिया कर्मचारी हित में लगातार फैसले ले रही है। अब मेरिट स्कॉलरशिप योजना शुरू होने जा रही है। इस योजना के तहत दसवीं की परीक्षा में पहले से लेकर बीस वें स्थान तक आने वाले या 95 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले बच्चों को प्रति महीने 1350 रुपए दिए जाएंगे। तकनीकी और प्रोफेशनल परीक्षा में इस तरह के अंक लाने वालों को 3160 रुपए प्रति महीने मिलेंगे।

**खास बात**

- तकनीकी और प्रोफेशनल परीक्षा में सर्वोच्च अंक लाने वाले को मिलेगा हर माह 3160 रुपए


फाइल फोटो

आश्रितों को नौकरी की बात हो अथवा कर्मियों-अधिकारियो के बच्चों की पढ़ाई की। सारे मामलों में सुविधा बढ़ाई जा रही है। कोल इंडिया ने कई योजनाओं का प्रावधान किया है। कोल इंडिया और अनुषंगी कंपनियों में काम करने वाले कर्मचारी और अधिकारियों के बच्चों को प्रेरणा स्कीम का भी लाभ मिलेगा। जानकारी के अनुसार मान्यता प्राप्त संस्थान से इंजीनियरिंग और मेडिकल की पढ़ाई करने वाले छात्रों को 1800 रुपए प्रति माह स्कॉलरशिप दी जाएगी। इसके लिए कर्मियों के बेटा या बेटी को सभी समेस्टर में 60 प्रतिशत अंक लाना जरूरी होगा। कोल इंडिया फंक्शनल डायरेक्टर्स की बैठक में इन सब बातों पर निर्णय ले लिया गया है। यह भी तय हुआ है कि डिप्लोमा करने वाले छात्रों को 680 रुपए, रिकॉग्नाइज्ड इंस्टीट्यूट से आईटीआई करने वाले छात्रों को 560 रुपए प्रति माह दिए जाएंगे। मान्यता प्राप्त संस्थान से बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए, एमएससी आदि सहित कंपनी सेक्रेटरी की पढ़ाई करने वाले बच्चों को 1130 रुपए दिए जाएंगे। इसके लिए पिछली वार्षिक परीक्षा में 60 फीसदी अंक लाना अनिवार्य होगा। कोल इंडिया में कार्यरत कर्मचारियों को इसकी जानकारी दे दी गई है। कोल इंडिया के इस फैसले से कर्मचारियों के बच्चों की पढ़ाई में सुविधा होगी।

### लगातार घट रही कर्मचारियों की संख्या

कर्मियों की संख्या लगातार घट रही है, लेकिन कोल इंडिया कर्मचारियों-अधिकारियों की सुविधा के लिए नई-नई स्कीम लांच कर रही है। कुछ योजनाएं तो पुरानी है। उनको नए फ्लेवर के साथ लांच किया जा रहा है, तो कुछ नई योजनाए भी है। कोल इंडिया ने अपने अधिकारी और कर्मचारियों को सस्ते दर पर कई तीर्थ स्थलों पर कमरे की व्यवस्था की है। हालांकि यह नियम कोई नया नहीं है। पहले भी इस तरह की व्यवस्था थी। वर्ष 2024 में कोल इंडिया ने नई सूची जारी की है, यह सूची वर्ष 2024 से लेकर वर्ष 2026 तक मान्य रहेगी। शर्त यही होगी कि 75 दिन पहले इसकी बुकिंग करानी होगी। अब कोल इंडिया के अधिकारी और कर्मचारी 400 प्रतिदिन की दर से पुरी में एसयूवी पैलेस, मंसाली में रिसोर्ट लिमिटेड, दार्जिलिंग में बी प्रॉपर्टीज लिमिटेड, केवालम में होटल सागर बिच रिसोर्ट, मुनार में क्लॉडी वैली होटल, तिरुपति में होटल ग्रैंड ऑर्किड, दीघा में प्राइड विजन टैल केंपस में रह सकते है।

# पेड़ से टकराई बाइक, दो की मौत, तीसरा घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक मोटरसाइकिल में सवार होकर 2 सगे भाई सहित कुल तीन लोग अपने गांव से रावण का उत्सव देखकर बालको की ओर आ रहे थे कि तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित हो गई और सीधे पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्ती थी कि तीनों युवक गंभीर रुप से हादसे के शिकार हो गए और उन्हें उपचार के लिए कोरबा मेडिकल कालेज हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया। जहां इलाज के दौरान दो युवकों की मौत हो गई है जबकि तीसरे को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

**खास बातें**

- बालको थानान्तर्गत रुकबहरी बालको के बीच देर रात की घटना
- जिले में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटना

बालको थानांतर्गत शनिवार की रात जबरदस्त सड़क हादसा में दो युवकों की मौत हो गई। एक बाइक में सवार होकर तीन युवक जा रहे थे कि बाइक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतरकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में दो युवक की मौत हो गई वहीं तीसरा घायल है। ग्राम रुकबहरी निवासी विष्णु मंझवार अपने एक साथी मोहन निर्मलकर एवं सगे बड़े भाई शिवकुमार के साथ बाइक में सवार होकर दशहरा के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने के लिए आए थे तथा उनके घर कुछ लोग मेहमान के रुप में आए हुए थे। उनके लिए ही तीनों खाने-पीने का सामान लेने जा रहे थे, तभी हादसा हो गया मृतकों के नाम विष्णु मंझवार उम्र 20 वर्ष पिता वीर सिंह मंझवार और मोहन निर्मलकर पिता स्व बुधसाय निर्मलकर हैं। जबकि विष्णु का सगा बड़ा भाई शिव कुमार कंवर घायल है। घटना की सूचना डायल 112 को दी जिसके बाद तीनों को जिला अस्पताल ले जाया गया। रविवार की सुबह दोनों मृतकों का पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया गया।

# अलग-अलग घटनाओं में दो महिलाओं की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई है। जहां एक महिला की सर्पदंश से मौत हो गई है तो वहीं दूसरी ओर एक महिला की संदिग्ध अवस्था में मौत हुई है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पहली घटना दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रंजना के झालाकछार की है। यहां निवासरत जानकीबाई 38 वर्ष पति स्वर्गीय मिलन यादव अपने परिजनों के साथ घास काटने खेत गई हुई थी जहां से घास काटकर वापस लौट रहे थे कि इसी दौरान जानकी बाई के पैर के नीचे अचानक एक सांप आ गया और जानकीबाई डस लिया। जहां परिजनों द्वारा आनन फानन में उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए कोरबा मेडिकल कालेज हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया लेकिन जानकी बाई को मेडिकल अस्पताल लाया जा रहा था कि बीच रास्ते में उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। दूसरी घटना सर्वमंगला बरमपुर की है। यहां निवासरत प्रकाशनी साहू 32 वर्ष पति लक्ष्मी प्रसाद साहू की अचानक तबियत बिगड़ने पर परिजन उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल लेकर पहुंचे थे। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। प्रकाशनी की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। संभावना जताई जा रही है कि प्रकाशनी की हृदयघात होने की वजह से मौत हुई है। फिलहाल पुलिस मामले में वैधानिक कार्रवाई कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा।

### दो बाइक के बीच भिड़ंत, एक की मौत एक घायल

दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लिटियाखार के समीप हुई है दो बाइक के बीच आमने-सामने भिड़ंत हो जाने से एक युवक की मौत हो गई है जबकि गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासी प्रीतम यादव अपने मोटरसाइकिल में सवार होकर लौट रहा था कि इसी दौरान एक तेज रफ्तार मोटर सायकल के चालक ने लापरवाहीपूर्वक मोटर सायकल चलाते हुए उसे अपनी चपेट में ले लिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान प्रीतम यादव की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।



## खबर संक्षेप



### जंक फूड का सेवन आस्टीयोपोरोसिस का प्रमुख कारणःडॉ.शर्मा

**कोरबा।** 20 अक्टूबर वर्ल्ड ऑस्टियोपोरोसिस डे (विश्व अस्थिसुषिरता दिवस) पर स्वस्थ भारत समृद्ध भारत अभियान के अंतर्गत चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत राजस्थान औषधालय मुंबई, लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट, विश्व हिंदू परीषद एवं आयुष मेडिकल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में श्री शिव औषधालय एमआईजी 20 आरपी नगर फेस 2 शिवाजी नगर रोड निहारिका कोरबा में आयोजित निःशुल्क आयुर्वेद-योग, रक्त शर्करा जांच एवं विटामिन डी, कैल्शियम जांच चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर में 54 मरीज हुए लाभान्वित। शिविर में विशेष रूप से अपनी चिकित्सकीय सेवायें प्रदान करने वाले छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध अनुभवी आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञ नाड़ीवैद्य डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा ने बताया कि हड्डियों का कमजोर होकर अस्थि घनत्व का कम होना ही आस्टीयोपोरोसिस है, जो कैल्शियम एवं विटामिन डी की कमी से होता है। जिसका प्रमुख कारण हमारी खराब जीवन शैली एवं जंक फूड का सेवन है। शिविर में शिव औषधालय की संचालिका श्रीमती प्रतिभा शर्मा, अपेक्स लाल पैथोलैब के संचालक सुनील सिंह, लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट के अध्यक्ष लायन शिव जायसवाल, संरक्षक लायन सुधीर सक्सेना, कोषाध्यक्ष लायन गजेंद्र राठौड, कार्यकारिणी सदस्य लायन नेत्रनन्दन साहू, लायन कमल धारीया, लायन अश्वनी बुनकर, बलराम साहू का योगदान रहा।

### डीएव्ही स्कूल में विश्व गायन दिवस का हुआ आयोजन



**कोरबा।** विश्व गायन दिवस (वर्ल्ड सिंगिंग डे) के तारतम्य में डीएव्ही पब्लिक स्कूल एसईसीएल कोरबा में मधुरिम संगीत समारोह का आयोजन किया गया। विश्व के 115 देशों में एक साथ आयोजित इस विश्व स्तरीय समारोह में डीएव्ही कोरबा के विद्यार्थियों के समूह ने भारतवर्ष का प्रतिनिधित्व करते हुए विविध सांगीतिक प्रस्तुतियाँ दी। इस विश्वस्तरीय समारोह के भारत में आयोजन हेतु देश भर से सिर्फ दो संस्थाओं बंगलुरू की शंकर महादेव संगीत अकादमी तथा डीएवी पब्लिक स्कूल एसईसीएल कोरबा छत्तीसगढ का चयन किया गया था। समारोह के प्रथम चरण में वर्ल्ड सिंगिंग डे फाउन्डेशन का थीम सांग आई सिंग टू यू की सामूहिक प्रस्तुती दी गई, जिसमें नन्हें मुन्हें बच्चों, क्वायर समूह की बालिकाओं एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं सहित प्राचार्या महोदया ने अपने-अपने स्वर प्रदान किए। इसी कड़ी में विद्यालय की छात्रा आराध्या तिवारी द्वारा वर्ल्ड सिंगिंग डे फाउंडेशन क्रिया कलापों के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की गई।

### चोढ़ा में दशहरा महोत्सव में शामिल हुए विधायक



**हरदीबाजार।** ग्राम पंचायत चोढ़ा में धूमधाम से दशहरा महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान विधायक श्री पटेल ने कहा कि दशहरा का पर्व इसलिये मनाया जाता है कि बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। दशहरा पर्व ऐसा लग रहा था कि एक बड़ा मेला लगा है जहां हजारों की संख्या में चोढ़ा सहित आसपास के क्षेत्र के लोगों ने पहुंचकर शांतिपूर्वक आनंद लिए। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि दुष्यंत शर्मा, पूर्व युवा आयोग के सदस्य रघुराज सिंह उइके, सरपंच अम्बिका करपे, कार्तिक राम सरुते, श्रवण यादव, अनूप यादव, सुरजीत सिंह, कृष्णा पटेल, उत्तम पटेल, दिलीप पटेल, सांई मन्नू राठौर, दुर्गेश मरावी, उषा विश्वकर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

### साठ लाख की लागत से बना पुल टूटा आदिवासी ग्रामीणों को हो रही परेशानी

**कोरबा।** ग्राम पंचायत बेला के अंतर्गत स्थित आश्रित ग्राम खेतारपारा, जो आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है। बेला पंचायत और खेतारपारा के निवासी पंच रतन सिंह माझावर ने बताया कि करीब 60 लाख रुपये की लागत से इस पुल का निर्माण किया गया था। लेकिन, निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया, जिसके कारण यह पुल महज एक साल में ही टूटने लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर यह पुल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया, तो उनकी समस्याएँ और बढ़ जाएंगी। यह पुल न केवल गाँव को बाहरी दुनिया से जोड़ता है, बल्कि यही रास्ता बच्चों को स्कूल तक पहुँचाने और ग्रामीणों को आवश्यक सुविधाओं के लिए आने-जाने का भी एकमात्र साधन है। ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की है कि इस पुल की मरम्मत जल्द से जल्द की जाए, ताकि उन्हें आने-जाने में परेशानी का सामना न करना पड़े। उनका कहना है कि यह एकमात्र रास्ता है जो उनके जीवन को बाहरी दुनिया से जोड़ता है, और इसके बिना उनका जीवन ठहर जाएगा।

## विद्युत वितरण विभाग के अधीक्षण यंत्री ने इसके लिए वरिष्ठ अफसरों को भेजा है सुझाव

# पीएम सूर्य योजना : शासकीय अधिकारी कर्मचारियों के घरों में होगी अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


फाइल फोटो

प्रधानमंत्री सूर्य योजना के तहत जिले में भी घर-घर सोलर प्लेट के माध्यम से मुफ्त बिजली पहुंचाने की दिशा पर विद्युत विभाग ने काम करना शुरू कर दिया है। अधिक से अधिक घरों में इस योजना के तहत लोगों के घरों तक बिजली पहुंचाने के लिए विद्युत वितरण विभाग के अधिकारियों ने सरकारी अधिकारी कर्मचारियों के घरों में कंपलसरी इस योजना को पहुंचाने की दिशा पर पहल की जा रही है और अधिकारियों ने प्रस्ताव बनाकर भेजा है कि इसे सभी सरकारी अधिकारी, कर्मचारियों के घर में अमलीजामा पहनाया जा सके। हालांकि अभी प्रस्ताव बनाकर ही भेजा गया है स्वीक्रृति मिलने के बाद ही स्पष्ट होगा।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री सूर्य योजना के तहत घर-घर मुफ्त बिजली पहुंचाने की दिशा पर काम किया जा रहा है। इस योजना के तहत लोगों के घरों के छतों में सोलर प्लेट लगाए जाएंगे ताकि लोगों के घरों तक बिजली पहुंच सके। पीएम सूर्य योजना की दिशा पर जिले के विद्युत वितरण विभाग ने काम शुरू कर दिया है। जिले के विद्युत वितरण विभाग के अधीक्षक यंत्री पीएल सिदार ने इस योजना के तहत राज्य सरकार को कई आवश्यक सुझाव भी भेजे हैं उन्होंने यह सुझाव दिया है कि जिले के सभी अधिकारी, कर्मचारियों के घरों में इस पीएम सूर्य योजना के तहत उनके घरों में कंपलसरी सोलर प्लेट लगाया जाना चाहिए। साथ ही विभाग के अधिकारियों ने कुछ और भी आवश्यक सुझाव दिए हैं। यह पत्र वरिष्ठ अफसरों को भेज दिया गया है। हालांकि अब तक इस पर स्वीकृति नहीं मिली है। यदि वरिष्ठ अफसर को इसकी स्वीकृति मिलती है तो जिले के सभी अधिकारी, कर्मचारियों के घर पीएम सूर्य योजना के तहत सभी के घरों के छतों पर सोलर प्लेट लगेंगे और बिजली की खपत भी कम होगी।

### 1 किलोवाट के लिए लगभग 70 हजार आएगी लागत

विद्युत वितरण विभाग के अधीक्षक यंत्री पीएल सिदार ने बताया कि पीएम सूर्य योजना के तहत घरों में सोलर प्लेट लगाकर मुफ्त बिजली योजना घर घर तक पहुंचाना है इस योजना के तहत 1 किलो वाट तक सोलर प्लेट लगाने की लागत लगभग 60 से 70 हजार रुपए आएगी। जिसमें कुछ फीसदी सरकार की तरफ से छूट भी दी जाएगी। वहीं विद्युत वितरण विभाग के अफसर ने इस प्लेट को लगाने के लिए जो लागत आएगी उसके लिए बैंक से लोन दिलाए जाने के लिए भी प्रस्ताव भेजा था। जिस पर बैंक ने स्वीकृति भी दे दी है। बताया जाता है कि बैंक ने कम ब्याज दर पर इसके लिए लोन देने पर सहमति दे दी है। आने वाले दिनों में विभाग द्वारा सर्वे का काम किया जाएगा इसके बाद सर्वे का काम पूरा होते ही इस योजना के तहत घर-घर सोलर प्लेट लगाकर मुफ्त योजना के तहत पीएम सूर्य योजना को अमलीजामा पहनाया जाएगा।

### भेजे गए हैं कई सुझाव

पीएम सूर्य योजना के तहत घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाए जाने की योजना है। इस योजना के तहत कुछ सुझाव बनाकर वरिष्ठ अफसरों को भेजा गया है जिसमें सभी सरकारी अधिकारी कर्मचारियों के घरों में लगाया जाना कम्पलसरी किया जाए। साथ ही कुछ अन्य सुझाव दिए गए हैं। जल्द ही निर्देशों के आधार पर योजना के तहत काम किया जाएगा। इस सोलर योजना से लोगो को अधिक बिजली बिल से राहत मिलेगी।

-पीएल सिदार
अधीक्षण यंत्री विद्युत वितरण विभाग

## आवारा मवेशियों से फसल बचाने ग्रामीण रात में कर रहे पहरेदारी


ग्रामीण क्षेत्रों में मंडराते आवारा मवेशियो की झुण्ड।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा

आवारा मवेशियों के मंडराने और उनसे फसलों को बचाने के लिए ग्रामीण अब रात में खेतों की पहरेदारी करने लग गए हैं। सैंकड़ों की संख्या में आवारा मवेशियों का जमावाड़ा इन दिनों क्षेत्र में बना हुआ है। ग्राम पंचायत भी आवारा मवेशियों से फसल को बचाने कोई कदम नहीं उठा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों के आवारा मवेशियों को चैतमा क्षेत्र में छोड़े जाने का मामला भी सामना आया है।

आवारा मवेशियों को गौठान में रखने के भी कदम नहीं उठाए गए हैं। गौठान में चारे और पानी की व्यस्था नहीं किए जाने के कारण मवेशी सड़क मार्गों में आकर भारी वाहनों का शिकार हो जा रहे हैं। गौवंश कुछ तो आस पास के गांव के है परंतु ज्यादातर गोवंश बाहर से लाकर छोड़ दिया गया है। जो दिन ढलते ही गांव की ओर कूच करते हैं और मौका मिलते ही फसलों को खा जाते हैं। जिससे किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ता रहा है। अभी खेतों में फसल पकने के कगार में है। यदि अभी फसल को खा जायेंगे तो पूर्णतः नुकसान है। किसान अपने फसलों की सुरक्षा के लिए चिंतित हैं। परंतु गौवंश की रक्षा की चिंता किसी को नहीं है। पूर्ववर्ती सरकार द्वारा गौठान का निर्माण कराया गया था। उसका मुख्य उद्देश्य था गोवंश का संरक्षण परंतु वर्तमान सरकार द्वारा गौठान को किसी प्रकार से संचालन का कोई चिंता ही नहीं है सरकार की करोड़ों रूपये की लागत से बनाया गया गौठान उपयोग विहिन हो गया है। यदि सरकार इस पर ध्यान देते तो ना गौवंश खतरे पर होते और ना किसान परेशान होता। अब सवाल उठता है कि उन बेजुबानों जो दर-दर की ठोखर खा रहे हैं। आखिर गौमाता की यह दुर्दशा का जवाब देह कौन है।

# पति की दीर्घायु के लिए सुहागिनों ने रखा करवा चौथ का व्रत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सुहागनों ने पति की लंबी उम्र के लिए करवा चौथ का व्रत रखा है। यह व्रत कार्तिक कृष्ण चतुर्थी को रखा जाता है। करवा चौथ का व्रत भारतीय संस्कृति का एक अहम हिस्सा है और पीढ़ी दर पीढ़ी चला आ रहा है। अक्सर लोगों के मन में ये सवाल आता है कि करवा चौथ का व्रत कब से आरंभ हुआ। दरअसल करवा चौथ से जुड़ी एक नहीं बल्कि चार लोक कथाएं प्रचलित हैं, जिनसे पता चलता है कि इस व्रत की परंपरा कितनी पुरानी है। पहली कथा पौराणिक है और महाभारत काल से जुड़ी है। करवा चौथ की यह कथा द्वापर युग में भगवान कृष्ण ने द्रौपदी को सुनाई थी। यह कहकर कि इसी कथा को भगवान शिव ने माता पार्वती को सुनाया था, जिसमें एक ब्राह्मण की बेटी के सात भाई थे। बेटी मायके आती है और करवा चौथ का व्रत रखती है। देर शाम शहर में चांद दिखने के बाद करवा चौथ की रस्म अदा की गई। ज्योतिषाचार्यों की पंचांगे के अनुसार चंद्रोदय का समय 8.45 बजे के बाद बताया गया था, जिसे व्रती महिलाओं को देर शाम तक चांद के दीदार का इंतजार बना रहा।

**खास बात**

- चांद निकलने के बाद पति की छबि देख व्रती महिलाओं ने तोड़ा व्रत


चांद का दीदार करती व्रती महिलाएं।


चलनी से चांद को निहारती महिलाएं।

### पूर्वांचल विकास समिति की सामान्य सभा संपन्न

**कोरबा।** बुधवारी बाजार स्थित राजपूत क्षत्रिय समाज के महाराणा प्रताप भवन में पूर्वांचल विकास समिति की सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिले की सभी इकाइयां और उनके अध्यक्ष और सदस्य मौजूद रहे। इसी कड़ी में मंच पर वरिष्ठ और समाज के मार्गदर्शक दानी शर्मा, चंद्रमा सिंह राजपूत, रामनरेश शर्मा, अशोक तिवारी, कमलेश यादव, बी एन सिंह, आरके, राजेंदर सिंह, चन्द्रलोक सिंह, आरपी तिवारी, अशोक सिंह, सुमन कुमार, प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेन्द्र जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर राजीव सिंह, समेत बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठ मौजूद रहे। सर्वप्रथम वरिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सबसे पहले डॉ राजीव सिंह ने अपने कार्यकाल में किये गए कार्यों की जानकारी दी। पूर्वांचल विकास समिति के प्रवक्ता वेद प्रकाश यादव ने सबसे पहले चुनाव को लेकर चुनाव अधिकारी बनाये जाने को लेकर प्रस्ताव दिया। जिसमें सर्वसम्मति से चुनाव अधिकारी अशोक अग्रवाल को बनाया गया। इसके बाद डॉक्टर राजीव सिंह ने नए अध्यक्ष के लिए प्रस्ताव दिया। जिसमें सर्वसम्मति से आरएन पांडे को पूर्वांचल विकास समिति के अध्यक्ष के रूप में चुना गया। सभी ने खासकर युवा वर्ग ने खुशी जाहिर करते हुए नवनीत अध्यक्ष का फूल मालाओं से स्वागत किया।

## बिजनेस साइट

### ज्योति इलेक्ट्रॉनिक्स में चल रहा महाएक्सचेंज महोत्सव





**कोरबा।** पुराना बस स्टैंड धर्म अस्पताल के सामने ज्योति इलेक्ट्रॉनिक्स में महाएक्सचेंज का महोत्सव ऑफर चल रहा है। ज्योति इलेक्ट्रॉनिक्स के संचालक दीपक मालानी में बताया कि दीपावली के शुभ अवसर पर हम सभी घरेलू इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद लेकर ग्राहकों के लिए तैयार है साथ ही ग्राहकों के लिए कई प्रकार के स्कीम एवं ऑफर उपलब्ध कराए गए हैं। ज्योति इलेक्ट्रॉनिक्स में एलईडी टीवी, माइक्रोवेव ओवन, विंडो एवं स्प्लिट एसी, सिंगल डोर एवं डबल डोर रेफ्रिजरेटर, स्मार्ट एलाईडी टीवी, फुल्ली आटोमेटिक वाशिंग मशीन, वॉटर प्यूरीफायर, सीलिंग फैन, मिक्सर ग्राइंडर, होम थिएटर, पार्टी स्पीकर सहित सभी इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद उपलब्ध है। ज्योति इलेक्ट्रॉनिक्स में ऑनलाइन से भी कम कीमत पर सोनी, एलजी, सैमसंग ,लॉयड ,हायर, वोल्टास ,एम्सटर्ड, वर्लपूल, आईएफबी, बीपीएल , टीसीएल इंटेक्स, ब्लू स्टार, वर्ल्ड टेक जैसे बड़े ब्रांड के उत्पाद उपलब्ध है। साथी अलमारी की विशाल शंकर उपलब्ध कराई गई है। महा एक्सचेंज ऑफर के तहत पुरानी वाशिंग मशीन पर 3 हजार तक की, पुरानी फ्रिज पर 5 हजार तक की, पुरानी एलइडी टीवी पर 5 हजार तक की एवं पुराने एसी पर 10 हजार तक की छूट दी जा रही है। ग्राहकों के लिए शून्य प्रतिशत ब्याज पर फाइनेंस, 10 हजार तक का कैशबैक, एक ई एम आई मुफ्त, 1 डाउन पेमेंट पर खरीदी , 70 प्रतिशत तक का डिस्काउंट उपलब्ध है साथी फ्री होम डिलीवरी, प्रत्येक खरीदी पर उपहार जैसे ऑफर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। ज्योति इलेक्ट्रॉनिक्स के संचालक दीपक मालानी ने ग्राहकों से आग्रह किया है कि दीपावली के खरीदी के लिए एक बार ज्योति इलेक्ट्रॉनिक्स अवश्य पधारे।

### पद्मिनी ज्वेलर्स से खरीदी पर अब चमकेगी सबकी किस्मत




**कोरबा।** एसएस प्लाजा पावर हाउस रोड कोरबा स्थित पद्मिनी ज्वेलर्स से आभूषण खरीदी पर चमकेगी सबकी किस्मत। पद्मिनी ज्वेलर्स के संचालक जगदीश सोनी ने बताया कि त्योहारों के शुभ अवसर पर यह स्कीम ग्राहकों के लिए लाई गई है जिसके तहत प्रत्येक 25 हजार की ज्वेलरी खरीदी पर ग्राहकों को एक लक्की लक्ष्मी कूपन दिया जाएगा। जिसमें प्रथम पुरस्कार 1 किलो सोना, द्वितीय पुरस्कार 250 ग्राम सोना एवं तृतीय पुरस्कार 25 ग्राम सोना उपलब्ध कराया जाएगा। प्रत्येक सप्ताह में 7 सप्ताह तक 50 लक्की लक्ष्मी ड्रा में ग्राहक जीत सकते हैं डायमंड जड़ित गोल्ड नेकलेस, इटालियन डिजाइन गोल्ड की चैन या डायमंड जड़ित सोने का सिक्का। ग्राहक 23 अक्टूबर से 3 नवंबर तक स्पेशल बोनस उपहार प्राप्त कर सकते हैं ज्वेलरी खरीदी पर सोने का सिक्का जीत सकते हैं साथ ही नियमित डॉ में ग्राहक रिद्धि सिद्धि समृद्धि पादुका चांदी का जीत सकते हैं। 22 अक्टूबर से 9 दिसंबर 2024 तक प्रत्येक ज्वेलरी खरीदी पर निश्चित उपहार ग्राहकों के लिए उपलब्ध कराया गया है। पद्मिनी ज्वेलर्स के संचालक जगदीश सोनी ने ग्राहकों से इस दीपावली पद्मिनी ज्वेलर्स से आभूषण खरीदारी करने का आग्रह किया है।

### कृष्ण हुंडई कार की खरीदी पर बंपर ऑफर



**कोरबा।** चार पहिया वाहनों में अग्रणी कंपनी हुंडई कारों के कोरबा के एकमात्र अधिकृत विक्रेता कृष्ण हुंडई में कार की खरीदी पर ग्राहकों को कई विशेष ऑफर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। कृष्ण हुंडई के संचालक राजा मोदी ने बताया कि दीपावली के शुभ अवसर पर प्रथम 100 ग्राहकों को हुंडई कर की खरीदी पर स्कूटी एलईडी टीवी, वाशिंग मशीन, फ्रिज, मोबाइल फोन, माइक्रोवेव ओवन , व अन्य उपहार जीतने का सुनहरा मौका दिया जा रहा है। साथ ही स्पिन एंड विन ऑफर, प्रत्येक खरीदने पर निश्चित उपहार, एसेसरीज की खरीदी पर डिस्काउंट, कार की तुरंत फाइनेंस सुविधा उपलब्ध कराई गई है साथ ही कार खरीदी पर आकर्षक छूट भी ग्राहकों को दी जा रही है। ग्राहक अपने पुरानी गाड़ी का उचित मूल्य भी कृष्ण हुंडई में प्राप्त कर सकते हैं।

# प्रान्त स्तरीय सहस्त्रबाहु जयंती का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा


कार्यक्रम में उपस्थित जायसवाल समाज के सदस्य।

प्रान्त स्तरीय सहस्त्रबाहु जयंती के प्रारंभिक चरण में सर्ववर्गीय जायसवाल महिला सभा के तत्वाधान में विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में प्रथम कार्यक्रम छत्तीसगढ़ी व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रामगोपाल डिक्सेना राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, विनोद जायसवाल राष्ट्रीय सचिव, डॉ शकुंतला जायसवाल महिला जिलाध्यक्ष, किरण जायसवाल महिला अध्यक्ष उपस्थित थे। महिलाओं ने पारम्परिक व्यंजन अंगाकर, अइरसा, धुस्का, फरा, दूध फरा, बोबरा, कुसली, खुरमी ठेठरी, बोरे-बासी, तसमई, चौसेला, ईढ़र, गुलगुल भजिया, देहरौरी, मोरन, करी लड्डू, मुर्रा लड्डू सहित अन्य छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के कुल 18 स्टाल लगाए। जमनीपाली से श्रीमती संध्या पोर्ते और कोरबा से अनिता कश्यप निर्णायक थे। प्रतियोगिता में विजेता डॉ गीतांजलि डिक्सेना, नम्रता जायसवाल रहीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ शकुन्तला जायसवाल ने एवं आभार संयोजक ओमप्रकाश डिक्सेना ने किया। इस मौके पर ललिता डिक्सेना, गेंदाबाई, उमा डिक्सेना, सुषमा जायसवाल, मुक्ता जायसवाल, सुनीता जायसवाल, भारती जायसवाल, बाली जायसवाल, रश्मि डिक्सेना, मीना जायसवाल, बबिता जायसवाल, पप्पी जायसवाल, सुषमा अशोक जायसवाल, रूखमणी जायसवाल, रंजना डिक्सेना, अंजलि जायसवाल, उमा जायसवाल, तेजश्वरी जायसवाल, कीर्ति डिक्सेना, सकुन जायसवाल, पूनम जायसवाल, पिंकी जायसवाल,अर्चना डिक्सेना, राजेन्द्र जायसवाल, शिवशंकर जायसवाल, नन्दकुमार जायसवाल,रामशंकर जायसवाल, डॉ वरुण डिक्सेना, रवि जायसवाल, अमित जायसवाल, उमाकांत डिक्सेना, तेजप्रकाश जायसवाल, हरीश डिक्सेना सहित समाज के सदस्य उपस्थित थे।

## उप संचालक ने स्कूलों में शिक्षा गुणवत्ता की समीक्षा की

# गिरते परीक्षा परिणाम को लेकर कमजोर बच्चों पर फोकस करने कहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्कूलों में शिक्षा गुणवत्ता स्तर को जांचने के लिए उप संचालक ने शनिवार को स्कूलों के प्राचार्यो और शिक्षा विभाग के प्राचार्यों की बैठक लेकर परीक्षा परिणाम की समीक्षा करते हुए स्कूलवार छात्रों की उपस्थिति की जानकारी लेते हुए कमजोर बच्चों पर विशेषतौर पर फोकस करने को कहा।

उप संचालक आदित्य पाटले अपने एक दिवसीय प्रवास के तहत शनिवार को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में शिक्षा गुणवत्ता के संबंध में हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य, विकासखंड शिक्षा अधिकारियों की बैठक ली और परीक्षा परिणाम को लेकर स्कूलवार समीक्षा करते हुए स्कूलों में छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने के साथ कमजोर परीक्षा परिणाम वाले स्कूलों के प्राचार्यों को शिक्षा का स्तर सुधारने के साथ शिक्षकों के नियमित स्कूल में आने निर्देश दिए। वहीं शिक्षकों के द्वारा किए जाने वाले अध्यापन कार्य का सतत निरीक्षण के भी निर्देश दिए। उन्होंने विकासखंड स्तर में भी समीक्षा बैठक लेकर स्कूलों की जानकारी लेने शिक्षा व्यवस्था सुधारने के संबंध में चर्चा करने के निर्देश दिए। श्री पाटले ने विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को कमजोर छात्रों के पढ़ाई पर विशेष फोकस करने यहां तक की अतिरिक्त कक्षाएं लगाने के भी निर्देश दिए।

### खराब परीक्षा परिणाम पर कार्यवाही का है प्रावधान

हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल के बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम में जिन स्कूलों के परीक्षा परिणाम 30 प्रतिशत से भी कम रहते हैं उन स्कूलों के प्राचार्य व व्याख्याताओं के खिलाफ कार्यवाही के भी प्रावधान माध्यमिक शिक्षा मंडल ने जारी किए गए हैं। इसके लिए सभी स्कूल विभाग ने ऐसे स्कूल व प्राचार्यों की जानकारी मांगी थी किंतु शिक्षा विभाग के द्वारा जिले में खराब परीक्षा परिणाम वाले स्कूलों एवं प्राचार्यों की जानकारी नहीं भेजी है।

20 korba-bhoomi pg4_Layout 1 10/21/2024 12:08 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आज उद्योग व श्रम मंत्री करेंगे शुभारंभ

**कोरबा।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ सीएसईबी पूर्व फुटबॉल मैदान में उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य में 21 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे से होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक प्रेमचंद पटेल, फूल सिंह राठिया, तुलेश्वर मरकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला छत्रपाल सिंह कंवर, महापौर राजकिशोर प्रसाद, सभापति श्यामसुंदर सोनी, पार्षद धनसाय साहू शामिल होंगे। चार दिवसीय राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 21 से 24 अक्टूबर तक किया जाएगा। जिसमें क्रिकेट बालक, बालिका 19 वर्ष, एवं नेटबॉल बालक, बालिका 14, 17, 19 वर्ष के पांच संभागों से बालक 260 तथा बालिका 260 कुल 520 खिलाड़ी और 5 संभागों से 125 कोच मैनेजर तथा 150 राज्य स्तरीय अधिकारी शामिल होंगे। इसके साथ ही मेजबान कोरबा जिला आयोजन समिति के कार्यकर्ता एवं स्थानीय अधिकारी 2 सौ की संख्या में शामिल होंगे। प्रतियोगिता में लगभग एक हजार खिलाड़ी और अधिकारी कर्मचारी होंगे।

### प्रदेशभर के तेलुगु भाषी होंगे एक मंच पर, महासम्मेलन की तैयारी



**कोरबा।** प्रदेश में निवासरत तेलुगु भाषियों को एक मंच पर लाने फरवरी 2025 में राजधानी रायपुर में दो दिन का तेलुगु महा सम्मेलन का आयोजन करेंगे। उक्त निर्णय रविवार को कोरबा, बालकों नगर में आयोजित तेलुगु महा संघम की प्रांतीय बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए छत्तीसगढ़ तेलुगु महा संघम के अध्यक्ष आर.मुरली ने कहा कि छत्तीसगढ़ में निवासरत तेलुगु भाषियों की समस्याओं पर संघ निरंतर संघर्ष करेगी, इसके लिए विभिन्न जिलों में तेलुगु साहित्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर उनमें चेतना लाने का प्रयास करेंगे। संयोजक रुद्र मूर्ति ने महा संघ की स्थापना से आज तक का आयोजित कार्यक्रमों का विवरण प्रस्तुत किया। सलाहकार एम बाबूराव ने तेलुगु भाषियों की समस्याओं का समाधान के लिए संघर्ष करने पर बल दिया। इस बैठक में कोषाध्यक्ष एन.रमणमूर्ति, उपाध्यक्ष द्वय बी.वेणुगोपाल राव, बी.जोगाराव, सचिव आर.मनोरथ बाबू, कार्यकारिणी सदास्य एन. नरसिंगराव, जी रवि, के.वेंकटराव, डीडी किरण, एम.चिन्ना, व्ही.रवि, एलाजी राव ने अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर पी आदिनारायण, एम.चिन्ना, जे.रत्नम, तारकेश्वर राव, सुरेश गुप्ता, पी सतीश, बी सुधाकर, नारायण, जी गजपति राजू, पी श्रीनिवासराव, जे सुधाकर, के चेन्न, जीवनराव, टी बालाचीन्नैय्य, पी.रमनय्या उपस्थित रहे।

### पौधे जीवन का अभिन्न हिस्सा : मनीष



**कोरबा।** मारवाड़ी युवा मंच दर्री जमनीपाली द्वारा दर्री फर्टिलाइजर स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में एक पौधा मां के नाम के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर मंच के प्रदेश अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने गया कि अपने जीवन में अपनी मां के नाम पौधा अवश्य लगाए और उसकी सतत देखभाल का वचन ले।जिस प्रकार मां हमारे जीवन का मुख्य हिस्सा होती है उसी प्रकार पौधे भी हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा होते है। इस अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय संयोजक अंजय अग्रवाल, प्रांतीय चेयरमैन आशीष अग्रवाल, प्रांतीय सहसंयोजक विकास अग्रवाल, शाखा सचिव अक्षत अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अरुण केडिया, सदस्य सुमित अग्रवाल, जय अग्रवाल ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

### 41 सहकारी समितियों में 5 रुपए क्विंटल के हिसाब से दी जाती है राशि

# धान खरीदी के पूर्व समितियों में तैयारी के लिए दी जाने वाली राशि में नहीं हुई बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

धान खरीदी की शुरुआत की घोषणा कर दी गई है किंतु उसकी तैयारियों के लिए समितियों को दी जाने वाली 5 रुपए क्विंटल की दर से राशि की दर में बढ़ोत्तरी

**खास बात**

- सामग्री खरीदी सहित रखरखाव में किया जाता है खर्च

नहीं की गई है। बीते 2005 से यही राशि समितियों को दी जा रही है। जिससे सामग्रियों की खरीदी सहित रख रखाव में खर्च किया जाता है।

सभी सहकारी समितियों में धान खरीदी के पूर्व तैयारियों के लिए प्रशासनिक एवं प्रशांगिक व्यय मिलाकर कुल 5 रुपए प्रति क्विंटल दिया जाता है। 20 वर्ष पूर्व दिए जाने वाली राशि से अब सामग्रियों की खरीदी करना महंगा पड़ने लगा है। प्रशासनिक और प्रशांगिक व्यय का विवरण के अनुसार 3 रुपए प्रशासनिक और 2 रुपए प्रशांगिक व्यय के लिए दिया जाता है। किंतु उक्त राशि बढ़ती महंगाई की वजह से कम पड़ने लगी है। समिति के प्रबंधकों ने पूर्व में भी उक्त राशि के बढ़ोत्तरी के लिए समय समय पर पत्र व्यवहार विभागीय स्तर पर किया गया है। किंतु अब तक उक्त राशि के बढ़ाने के संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया गया है। परेशान समिति प्रबंधकों ने इस वर्ष भी खरीदी पूर्व तैयारी के लिए जो राशि दी जाएगी उसमें बढ़ोत्तरी करने की मांग की है। बीते वर्ष समितियों की संख्या 41 हो गई है। खर्च भी बढ़ चुके हैं किंतु राशि नहीं बढ़ाई जा रही है।



**छोटी समितियों को नुकसान**

खरीदी के पूर्व तैयारियों के लिए जो राशि दी जाती है उससे छोटी सहकारी समितियों को नुकसान होता है। दी जाने वाली राशि से बेमौसम बारिश से खरीदे गए धान को बचाने के लिए ताल पतरी, सूतली, बारदाना आदि छोटी सामग्रियों की खरीदी की जाती है। क्विंटल के हिसाब से दी जाने वाली इस राशि से छोटी समितियों में धान की मात्रा कम होने के कारण राशि भी उन्हें कम मिलती है जबकि खर्च उतना ही पड़ जाता है। मार्केट से सामान खरीदने के साथ ट्रांसपोर्टिंग का खर्च भी समितियों को ही उठाना पड़ता है।

**मिलते है फटे बारदाना**

खरीदी के पूर्व खाद्य विभाग के द्वारा बारदानों की आपूर्ति भी समितियों में की जाती है। इसके लिए पीडीएस की दुकानों के बारदाने का उपयोग किया जाता है। इसमें कई बारदाने ऐसे होते हैं जो पूरी तरह फटे रहते हैं जिनमें धान को रखना नुकसान रहता है। किंतु उसके बावजूद फटे बारदानों की सप्लाई बंद नहीं की जा रही है। ऐसे ही फटे बारदानों की सप्लाई बीते वर्ष भी की गई थी। इस मामले में सहकारिता विभाग ने भी समितियों के समस्या को गंभीरता से नहीं लिया था। परिणाम स्वरुप विभागीय लापरवाही की उदासीनता की वजह से फटे बारदानों का भी खरीदी में उपयोग करना पड़ा था।

# नाले के किनारे जुआड़ियों की सजी थी महफिल, एक दर्जन जुआड़ी गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त जुआरी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीपोत्सव नजदीक आते ही जुआड़ियों की महफिल सजनी शुरू हो चुकी है। लगभग एक दर्जन जुआड़ी बेलगड़ी नाले के किनारे जुआ खेल रहे थे। जैसे ही इसकी भनक पुलिस को मिली पुलिस की टीम ने नाले में दबिश दी और जुआ खेलते हुए कुल 12 खिलाड़ियों को रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। पकड़े गए जुआरियों के कब्जे से 16 हजार 1 सौ रुपए नगद जप्त किया गया है। जुआरियों के खिलाफ धारा 13 जुआ एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

बालको थाना प्रभारी अभिनव कांत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि बेलगरी नाला के किनारे कुछ जुआड़ी जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अभिनवकांत ने अपनी टीम के साथ छापामारी की कार्यवाही की। जहां जुआ खेलते हुए कुल 12 जुआड़ियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए जुआरियों में क्रमशः गोपालपुर निवासी राहुल वर्मा उम्र 40 वर्ष पिता स्व. बलदेव वर्मा, इतवार दास महंत उम्र 44 वर्ष पिता मनमोहन दास महंत, गोविन्द भट्ट उम्र 24 वर्ष पिता लखेश्वर भट्ट, राम कृष्ण जलतारे उम्र 36 वर्ष पिता टोपी लाल जलतारे, लक्ष्मी सिदार उम्र 44 वर्ष पिता स्व. किशोर लाल सिदार, चन्दुलाल केंवट उम्र 31 वर्ष पिता प्रेम सिंह, सत्यम सोनी उम्र 34 वर्ष पिता स्व. आत्मा सोनी, राकेश बर्मन उम्र 30 वर्ष पिता सीता राम बर्मन, सूरज चौहान उम्र 40 वर्ष पिता स्व. सम्भु चौहान, बिजय कुमार नेताम उम्र 55 वर्ष पिता स्व. रमन सिंह नेताम, सूरज गोस्वामी उम्र 20 वर्ष पिता पुनीराम गोस्वामी, मुनावर अंसारी उम्र 25 वर्ष पिता मुस्तफा अंसारी को गिरफ्तार किया गया है।

# अस्पताल के एसबीआई एटीएम में सामने आई लापरवाहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला अस्पताल में स्टेट बैंक के एटीएम में रविवार को सीमेंस कंपनी के कर्मचारियों के द्वारा रकम डालने के बाद बाक्स में ही चाबी भूल जाने

**खास बात**

- नगद राशि डालने के साथ चाबी छोड़ गए थे बाक्स में, आरक्षक की सजगता से बच गई रकम

का मामला सामने आया है। आरक्षक की सजगता से एटीएम में डाली गई रकम बच गई और इसकी सूचना एसबीआई के एटीएम इंचार्ज को दी गई।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल परिसर में वाहन स्टैंड के समीप एसबीआई का एटीएम लगाया गया है। प्रतिदिन की तरह एटीएम में रकम डालने का काम करने वाली सीमेंस कंपनी के कर्मचारी रकम डालने पहुंचे हुए थे। रकम को डालने के साथ ही कर्मचारियों के द्वारा बाक्स की चाबी को ही खुला छोड़कर चले गए। इसी बीच अस्पताल चौकी के एक आरक्षक रकम निकालने के लिए जब वह एटीएम पहुंचा तो बाक्स में लगी चाबी को देखकर उसे कुछ आशंका हुई और वह स्टेट बैंक के प्रबंधन को सूचित किया जैसे ही सूचना मिली तत्काल संज्ञान लेते हुए सीमेंस कंपनी के कर्मचारियों को अवगत कराया गया मौके पर पहुंचे कर्मचारियों ने बॉक्स से चाबी निकाली। बताया जाता है कि लगभग 11 लाख रुपए की राशि एटीएम में डाली गई थी जो अस्पताल चौकी के आरक्षक की सजगता से बच गई है।

**इसकी जानकारी मिली है**

अस्पताल परिसर के एटीएम में कर्मचारियों के द्वारा चाबी छोड़े जाने की जानकारी उनका आरक्षक से मिली थी और तत्काल कंपनी के कर्मचारी मौके पहुंचे। कल इस घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी ली जाएगी।

**-मनीष तिवारी,** एसीएम

अन्यथा किसी बड़ी घटना से इनकार

# पुलिस ने नाला में मारा छापा, 490 लीटर महुआ शराब जप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर जिला पुलिस द्वारा लगातार अवैध शराब व अवैध

**खास बात**

- उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम घोघरा नाला में दी थी दबिश

कारोबार के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में उरगा थाना प्रभारी निरीक्षक युवराज तिवारी के नेतृत्व में उरगा पुलिस टीम के द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है।

इसी कड़ी में 19 अक्टूबर को मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर ग्राम चीतापाली घोघरा नाला के पास कच्ची महुआ शराब बना रहे स्थान पर घेराबंदी कर छापामार की कार्यवाही किए जहां पर कच्ची महुआ शराब बनाने वाले पुलिस को आता देख मौके से भाग गया। जो घटना स्थल से महुआ शराब बनाने वाले उपकरण चुल्हा व सामग्री को मौके पर ही नष्ट किया गया एवं 21 नग गोल्डन रंग के 5 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जरीकेन में भरा करीबन 105 लीटर हाथ भट्टी का कच्ची महुआ शराब, 13 नग पीला रंग के 5 लीटर क्षमता वाला प्लास्टिक जरीकेन में भरा करीबन 65 लीटर हाथ भट्टी का कच्ची महुआ शराब, 7 नग सफेद रंग के प्लास्टिक जरीकेन 10 लीटर क्षमता वाले में भरा करीबन 70 लीटर हाथ भट्टी का कच्ची महुआ शराब, सफेद रंग के 5 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जरीकेन में भरा 20 लीटर हाथ भट्टी का कच्ची महुआ शराब, 8 नग नीले रंग के 5 लीटर क्षमता वाले में भरा लगभग 40 लीटर हाथ भट्टी का कच्ची महुआ शराब, 4 नग लाल रंग के 5 लीटर वाला प्लास्टिक जरीकेन में भरा लगभग 20 लीटर हाथ भट्टी का कच्ची महुआ शराब, 3 नग प्लास्टिक के झिल्ली में भरा लगभग 90 लीटर हाथ भट्टी का कच्ची महुआ शराब, एक नग 15 लीटर क्षमता वाला पीले रंग के प्लास्टिक जरीकेन में भरा लगभग 15 लीटर हाथ भट्टी का कच्ची महुआ शराब, 13 नग पांच लीटर क्षमता वाले हरा रंग के प्लास्टिक जरीकेन में भरा लगभग 65 लीटर हाथ भट्टी का कच्ची महुआ शराब कुल महुआ शराब 490 लीटर जप्त किया गया है तथा फरार आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के कार्यवाही कर उनकी पतासाजी शुरु कर दी है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जप्त महुआ शराब।

# उद्योग मंत्री जिले में बने भाजपा के पहले सक्रिय सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वाणिज्य उद्योग और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन को शनिवार को भाजपा का सक्रिय सदस्य बनाया गया। वे जिले के पहले सक्रिय

**खास बात**

- कोरबा विधानसभा में अब तक ऑनलाइन 56 हजार से अधिक बने सदस्य

सदस्य बने। भाजपा के जिला अध्यक्ष डॉ.राजीव सिंह, जिला कोषाध्यक्ष और सदस्यता अभियान के प्रभारी गोपाल मोदी ने टीपी नगर स्थित भाजपा जिला कार्यालय में मंत्री श्री देवांगन को सक्रिय सदस्यता दिलाई।

गौरतलब है कि जिले में सदस्यता अभियान तेजी से चल रहा है, कोरबा विधानसभा में अब तक 56 हज़ार से अधिक ऑनलाइन भाजपा के सदस्य बन चुके हैं, ऑफलाइन सदस्यता की एंट्री का काम जोरों से चल रहा है। इसी तरह जिले में डेढ़ लाख सदस्य ऑनलाइन बन चुके हैं। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के रेफरल कोड से अब तक जिले में सबसे अधिक साढ़े 13 हजार से अधिक सदस्य बन चुके हैं। जिला का पहला सक्रिय सदस्य बनने के बाद मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि ये मेरा सौभाग्य है कि मैं भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता हूं, पार्टी का एक एक कार्यकर्ता मेरा परिवार है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र प्रथम की भावना से विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के सक्रिय सदस्यता अभियान के तहत अपनी सक्रिय सदस्यता का नवीनीकरण करवा कर प्रसन्नता की अनुभूति हुई है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुए इस अभियान के साथ जुड़कर एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प को और मजबूत करें। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, कोरबा मंडल अध्यक्ष परविंदर सिंह, कोसबाड़ी मंडल अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, चंदन सिंह, दिनेश वैष्णव, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी मनोज मिश्रा, पवन सिंहा, अजय चंद्रा, वैभव शर्मा समेत अधिक संख्या में भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।



उद्योग मंत्री को सक्रिय सदस्य की सदस्यता दिलाते भाजपा जिला अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष।

# प्रगति नगर स्टेडियम में साफ-सफाई कार्य शुरू, खिलाड़ियों ने जताई खुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रगतिनगर स्टेडियम में लंबे समय से चली आ रही साफ-सफाई की समस्या के बाद आखिरकार प्रबंधन ने कदम उठाया। दशहरा के बाद से स्टेडियम की सफाई न होने के कारण मैदान में कचरा फैला हुआ था। इसके कारण नियमित रूप से स्टेडियम में घूमने आने वाले लोगों और खासकर खिलाड़ियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। खिलाड़ियों और स्थानीय निवासियों ने इस मुद्दे को उठाया था, लेकिन उचित कार्रवाई नहीं हो रही थी। स्टेडियम की दुर्दशा को देखते हुए खिलाड़ियों ने अपनी आवाज उठायी। इसका परिणाम यह हुआ कि ट्रेड यूनियन के कुछ नेताओं ने प्रबंधन पर दबाव बनाया, जिसके बाद स्टेडियम में सफाई शुरू हो सकी। एटक के जेसीसी सदस्य विनोद यादव, इंटक के संजीव शर्मा, सीटू यूनियन से डीएल टंडन और सिस्टा के एलएस मिरी इस प्रयास में प्रमुख रूप से शामिल रहे।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

### आरएसएस का विजयादशमी उत्सव, विशाल पथ संचलन पर हुई पुष्प वर्षा

# जीवन जीने के साथ नागरिक राष्ट्रनिष्ठ भी बनें : कौशलेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का नगर स्तरीय विजयादशमी उत्सव रविवार को बालको नगर के डॉ भीमराव अंबेडकर स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में आयोजित हुआ। निर्धारित समय पर एकत्रीकरण और ध्वज आरोहण के साथ पथ संचलन निकाला गया। नगरीय क्षेत्र के 11सौ स्वयंसेवक इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स से घोष दल के साथ 8 वाहिनियों में पथ संचलन दोपहर 3 बजे शुरू हुआ। ध्वज वाहिनी के साथ ध्वज रक्षक और उसके पीछे घोष दल व विभिन्न क्षेत्रों के स्वयंसेवक शामिल हुए। बालकोनगर में पहली बार आयोजित पथ संचलन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। पथ संचलन बालको नगर के गायत्री मंदिर मार्ग, हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, सेक्टर 5, मुख्य मार्ग होते हुए पथ संचलन पूर्ण हुआ। अनुशासित व्यवस्था के साथ किए गए पथ संचलन का इन मार्गों पर अनेक स्थान पर मातृशक्ति और बालकों के वरिष्ठ नागरिक संगठन की ओर से पुष्प वर्षा कर अभूतपूर्व स्वागत किया गया। स्वयंसेवकों ने स्टेडियम परिसर में सामूहिक योग अभ्यास, आसन, यष्टि, पद विन्यास और घोष के प्रयोग की शानदार प्रस्तुति की। कार्यक्रम के मंच पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संचालक सत्येंद्र दुबे, जिला संचालक डॉक्टर विशाल उपाध्याय, नगर संघ चालक अशोक तिवारी, जिला कार्यवाह कैलाश नाहक, नगर कार्यवाह मृगेश यादव एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता कौशलेन्द्र प्रताप सिंह, सामाजिक समरसता प्रांत प्रमुख ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 100 वर्ष में प्रवेश कर चुका है। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में कई प्रकार की चुनौतियां हमारे राष्ट्र के सामने बनी हुई है। वह हर स्तर पर अपनी मातृभूमि की रक्षा करने के लिए यथासंभव प्रयत्न करें। लोगों की छोटी-छोटी भूमिका राष्ट्र को समुन्नत और बलवान बनाने के लिए सहायक साबित होगी। इस दौरान राहुल सेठिया ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।




मंचस्थ आरएसएस के नगर संचालक।



पथ संचलन करते आरएसएस कार्यकर्ता।

online Booking:-www.tripuryatra.com

Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
स्पेशल ट्रेन से
11 जनवरी से 17 जनवरी 2025, 18 मई से 24 मई 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि)
राशिः-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411